युवा दिवस | हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का दिया गया संदेश

लामता महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

नवभारत, परसवाड़ा। शासकीय महाविद्यालय लामता में 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुनीता वैद्य के संरक्षण एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया गया, जिसका अभ्यास क्रीड़ा अधिकारी श्री प्रवेश यादव द्वारा कराया गया। इसके पश्चात रन फॉर स्वदेशी का आयोजन किया गया, जिसमें 'हम सबने ठाना है, स्वदेशी अपनाना है' और 'हर घर स्वदेशी' का संदेश दिया गया।

रेड रिबन क्लब की गतिविधियों के अंतर्गत पोस्टर, रंगोली एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं में 12 अगस्त अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस एवं 1 दिसंबर विश्व एड्स दिवस पर सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. सुंदर बिसेन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए पथप्रदर्शक हैं, जिन्हें जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए शाश्वत प्रेरणा

कार्यक्रम के अंतर्गत 'स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए शाश्वत प्रेरणा' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस उन युवाओं को समर्पित है जो भारत को बेहतर भविष्य देने की क्षमता रखते हैं। स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं का मार्गदर्शन करते हैं।

बैगा महोत्सव अंतर्गत ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता

बैगा जनजाति के खिलाड़ियों ने उत्साह से लिया भाग

नवभारत, बालाघाट। आगामी 17 एवं 18 जनवरी को प्रगति मैदान मलाजखंड में आयोजित होने वाले बैगा महोत्सव 2026 के लिए ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता 12 जनवरी को सम्पन्न हो गई है। इन प्रतियोगिताओं में बैगा जनजाति के खिलाड़ियो ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया है। प्रतियोगिताओं के दौरान विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन स्थल पर पारंपरिक उत्साह, अनुशासन और आपसी भाईचारे का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन स्थल बैहर विकासखंड में खेल परिसर मैदान, बिरसा विकासखंड में शासकीय कन्या उमावि, बिरसा का खेल मैदान एवं परसवाड़ा विकासखंड में शासकीय कन्या उमावि, परसवाड़ा के खेल मैदान में आयोजित की गई। 17 जनवरी को विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि 18 जनवरी को प्रगति मैदान, मलाजखंड में भव्य फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा। बैगा महोत्सव के माध्यम से जिले में खेल, संस्कृति और सामुदायिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यह महोत्सव न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक समरसता को भी सशक्त बना रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय भिक्खुनी साक्य धम्मदीन्ना का 18 जनवरी को बालाघाट आगमन

नवभारत, बालाघाट। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध भिक्खुनी साक्य धम्मदीन्ना जी का 18 जनवरी 2026 को बालाघाट आगमन हो रहा है। यहाँ वह पंचशील बुद्ध विहार समता भवन बूढ़ी मे आयोजित भगवान बुद्ध रूप प्रतिमा वितरण समारोह में शामिल होंगी। इस अवसर पर पूज्य भिक्खुनी साक्य धम्मदीन्ना जी के मुखरविन्द से भगवान बुद्ध के मंगलमय वचनों पर आधारित धम्मदेसना (उपदेश) श्रवण का अवसर प्राप्त होगा। त्रिपिटक चैंटिंग के पावन मंच पर, बोधगया महाविहार में विश्व भर से आए बौद्ध भिक्षुओं की दिव्य वाणी में गूँजते त्रिपिटक के सुत्तो के बीच पूज्य भंते विनय रक्खीता महाथेरो जी द्वारा अलोका ट्रस्ट के माध्यम से तीन एवं पूज्य भिक्खुनी साक्य धम्मदीन्ना जी द्वारा बोधिपक्खिय धम्म फाउंडेशन के माध्यम से चार, कुल सात अमूल्य बुद्ध रूप प्रतिमाएं बालाघाट जिले को नि:शुल्क दान स्वरूप प्राप्त हुईं। उपरोक्त प्रतिमाओं का वितरण रमाताई महिला बौद्ध संघ के तत्वावधान में पंचशील बुद्ध विहार समता भवन बूढ़ी बालाघाट में 18 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया है। प्रात: 10:30 बजे उपासको द्वारा पूज्य संघ को सामूहिक रूप से भोजनदान कराया जायगा। ततपश्चात् ध्यान साधना, बुद्ध रूप पूजा वंदना सुत्त संगायन, संघदान, धम्म देसना, दानदाताओं को धम्म साहित्य भेंट एवं बुद्ध रूप प्रतिमा वितरण किया जावेगा।

बालाघाट में द्वादश ज्योतिर्लिंग अति रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ

नवभारत, बालाघाट। महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह एवं महर्षि विश्व शांति आंदोलन के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि विद्या मंदिर, समनापुर रोड, भटेरा, बालाघाट में आज 12 जनवरी 2026, सोमवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग अति रुद्राभिषेक का भव्य एवं पावन आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

यह आयोजन महर्षि ज्ञान युग दिवस समारोह के अंतर्गत, परम पूज्य महर्षि महेश योगी के 109वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया । जहां कार्यक्रम का प्रारंभ सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी, प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया , शिक्षक श्री वासुदेव भूते, श्री संदीप तोमर, श्रीमती अनुपमा गौतम, श्रीमति वंदना चौरसिया ,नीरज तिवारी के द्वारा गुरुपरंपरा, महर्षि महेश योगी जी, स्वामी विवेकानंद जी, मां सरस्वती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया, तथा गुरुपूजन के साथ किया गया, तत्पश्चात श्री मनोज ज्योतिषी और श्रीमति सुनीता तिवारी के निर्देशन में भावातीत ध्यान का सामूहिक अभ्यास करवाया गया। प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा कि आज का दिन अत्यंत पुण्यदायी है जिस दिन हम भारत में जन्मे दो महान विभूतियों का अवतरण दिवस समारोह मना रहे हैं जिन्होंने विश्व पटल पर भारतीय वैदिक ज्ञान को विश्व पटल पर प्रचारित किया ।उन्होंने बताया कि महर्षि महेश योगी जी ने हमें भावातीत ध्यान के रूप में एक ऐसी अद्वितीय प्रणाली दी है जिससे हम अपने जीवन को सुखमय बना सकते है और यह कार्य महर्षि समूह की संस्थाओं में भली भांति हो रहा है। सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी जी और महर्षि संस्था द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की जानकारी दी। दोनों ही अधिकारियों ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की ।प्रात: 9:00 बजे से ब्रह्मस्थान करौंदी जिला कटनी के महर्षि वेद विज्ञान विद्या पीठ के विद्वान ब्राह्मण पंडित अखिलेश मिश्र और उनके समूह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों का विधि-विधानपूर्वक अति रुद्राभिषेक किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं भक्तिमय भाव से ओत-प्रोत हो गया।

अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं नगरवासियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम उपरांत समस्त उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया

नवभारत, परसवाड़ा। 11जनवरी को विकासखंड लालबर्रा के ग्राम पंचायत चिल्लौद में कृषक कल्याण 2026 का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि जि.पं सभापति डुलेंद्र ठाकरे ,कृषि सभापति गुलेंद्र भगत, जनपद सदस्य श्रीमती सुनीता भौतेकर सरपंच नंदकिशोर जगने, रविंद्र तरवारे , अन्य कृषक, नोडल अधिकारी श्रीमती प्रीति पंद्रीम कृषि विस्तार अधिकारी डी के नंदा, अंकित शरणागत ,लक्ष्य जनेवार,रिचा बिंद्रा, शीतल शुक्ला ,कीर्ति नागपुर ?,श्री वि .के मेश्राम, के.डी माने की उपस्थिति रही, कृषि विभाग से कृषि विस्तार अधिकारी संजय कुमार मडके ने मंच संचालन व स्वागत गीत गया ,कृषकों को घनश्याम भौतेकर द्वारा ई-विकास प्रणाली, नरवाई प्रबंधन हेतु सुपर सीडर, बेलर ,रीपर कम बाइंडर में आवेदन करने की प्रक्रिया, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्राकृतिक व जैविक कृषि क्षेत्र का विस्तार एकीकृत पोषक/ कीटनाशक प्रबंधन फसल विविधीकरण ,ग्रीष्मकालीन धान को कम कर दलहन व तिलहनी फसलों का प्रचार प्रसार ,फार्मर रजिस्ट्री को विस्तार पूर्वक समझाया अंत में कृषक कल्याण 2026 'कृषि रथ' को जनप्रतिनिधियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायतो में नवनीत जानकारी देने हेतु अग्रसर किया।

विद्यार्थियों ने समझीं फूड प्रोसेसिंग की बारीकियां

खमरिया स्थित औद्योगिक क्षेत्र का किया भ्रमण

नवभारत कटंगी 12 जनवरी। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर का अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं का औद्योगिक क्षेत्र में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका विषय के लिए शहर के समीप ग्राम खमरिया में साकेत फूड्स उद्योग का भ्रमण कराया गया।

इस दौरान विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत की उपस्थिति में साकेत फूड्स उद्योग के संचालक अनुज अग्रवाल ने फूड प्रोसेसिंग यूनिट की बारीकियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने सबसे पहले कैसे धान को प्रथम यूनिट में डाला जाता है। इसके पश्चात सेकंड प्रक्रिया में उसकी क्लीनिंग की जाती है, उसके बाद धान को बॉयलर में ले जाकर बॉयल किया जाता है। इसके बाद प्रोसेसिंग यूनिट में डालकर चावल, मैदा, भूसा सब अलग-अलग हो जाता है। चावल पेकिंग होकर बाहर निकलता हैं। यूनिट में 150 श्रमिक कार्यरत है उन्होंने बताया इस फूड प्रोसेसिंग यूनिट में करीब डेढ़ सौ श्रमिकों को रोजगार दिया गया है। श्रमिकों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाता है। वेस्टेज पानी को रिसायकल कर उसका उपयोग फसल और पौधों में सिंचाई के लिए भी किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं ने संचालक से पर्यावरण को लेकर सवाल जवाब भी किया, जिसमें उन्होंने बताया कि पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन हेतु पर्यावरण बचाने के लिए हमारी यूनिट द्वारा प्रतिवर्ष बरसात में पौधा रोपण किया जाता हैं।

इनकी रही उपस्थिति

भ्रमण के दौरान संचालक अनुज अग्रवाल, सुरेन्द्र कुमार भगत, देवी प्रसाद तिवारी, संदीप शर्मा, परामर्शदाता अरविंद दरवाड़े, अंजू डोंगरे, शालू रावत, अवलेश पारधी, सामाजिक कार्यकर्ता ट्विंकल बागमरे, सियोग गोस्वामी, स्वाति पटले, आरती पटले, प्रतीक्षा पटले, आशु राहंगडाले, लता पटले, उर्वशी पटले, राकेश राणा, अंजलि पिल्गर, हिना मानकर, टीना मेश्राम, गंगा पंचेश्वर, नेमचन्द मानकर आदि मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को कराया गया सूर्य नमस्कार

स्वामी विवेकानंद जयंती पर मनाया गया युवा दिवस

नवभारत कटंगी 12 जनवरी। शासकीय सांदीपनि विद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में उत्साह के साथ मनाई गई। इसके अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर क्षेत्र के सभी शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।

मुख्य आयोजन शासकीय सांदीपनि विद्यालय परिसर में किया गया। शासकीय प्रोटोकॉल के तहत योग शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, योग, प्राणायाम की क्रियाएं करवाई गई। इस अवसर पर एसडीएम केसी ठाकुर, तहसीलदार राकेश प्रजापति, बीईओ सीएस कुशराम, सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ शिक्षक यतींद्र अग्रवाल, पार्षद गायत्री ठाकरे, संदीप शर्मा, भूपेंद्र ठाकरे, देवीप्रसाद तिवारी, अवलेश पारधी आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री का विशेष संदेश प्रसारित किया गया

कार्यक्रम की शुरुआत में स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान वंदे मातरम का गायन किया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद की प्रेरक वाणी का श्रवण किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री का भी विशेष संदेश भी इस अवसर पर प्रसारित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम रहा, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

In The Court Of Pranesh Kumar Pran,
Principal District and
Session Judge, Balaghat
Presiding Officer : प्राणेश कुमार प्राण
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8(1), (2), (4), (5)
हिन्दू अप्राप्तवयता और संरक्षकता अधिनियम 1956
प्रकरण क्रमांक (MJC GW/00022/2025)

1. इंद्रकला पति स्व टेकचंद टेम्भरे निवासी ग्राम कन्हडगांव पोस्ट चिखला तहसील व जिला बालाघाट म प्र .....आवेदक

विरूद्ध

2. आम जनता .....अनावेदक

Process Id-37/2026
पेशी दिनांक :- 24/02/2026

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- आम जनता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ने संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1956 की धारा धारा 8(1), (2), (4), (5) के अंतर्गत स्वयं को तीनों पुत्रियों क्रमश: पुत्री गीत टेम्भरे आयु 13 वर्ष, पुत्री कीर्ति टेम्भरे आयु 7 वर्ष एवं पुत्री प्रीति टेम्भरे आयु 04 वर्ष का संरक्षक एवं प्रतिपाल्य घोषित करने का आवेदन इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

यह कि आवेदिका ने तीनों पुत्रियों को अपना और अपने पति स्व. टेकचंद टेम्भरे की संतान होना बताया है। आवेदिका ने उक्त आवेदन में अभिवचनित किया है कि उसे उसकी पुत्रियों का संरक्षक घोषित किया जावे जिससे कि वह अपनी नाबालिग पुत्रियों के हिस्से की जमीन (कास्तकारी भूमि) को विक्रय कर सके।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में आवेदक के अभिभावक / संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 24/02/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

न्यायालय की मुद्रा
सील

न्यायाधीश
प्राणेश कुमार प्राण
प्रधान जिला न्यायाधीश
बालाघाट (म.प्र.)

अपशिष्ट प्रबंधन का किया गया मूल्यांकन

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कायाकल्प का पियर असेसमेंट आयोजित

नवभारत किरनापुर 12 जनवरी। कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में पियर असेसमेंट का आयोजन किया गया। यह असेसमेंट खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्षा चौबे के मार्गदर्शन में डॉ. धर्मवीर मार्को द्वारा किया गया। पियर असेसमेंट के दौरान स्वास्थ्य संस्थान में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन एवं सेवाओं की गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं का गहन मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रज्ञा बोरकर, डॉ. प्रथम दीक्षित, डॉ. हिमांशु सैयाम, नर्सिंग ऑफिसर, समस्त सेक्शन प्रभारी एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कायाकल्प मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक सुधारात्मक बिंदुओं पर चर्चा की गई। यह जानकारी डॉ. परेश उपलप, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट द्वारा दी गई।

को-ऑपरेटिव बैंक व सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने खापा कैप का किया निरीक्षण

नवभारत, बालाघाट। उपार्जन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में 12 जनवरी को खापा कैप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अभिनव सिंह बघेल, सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट, हर्षित भलावी, उपअंकेक्षक सहकारिता विभाग बालाघाट तथा अमरेश सिंह परिहार, इन्वेंट्री मैनेजर जेएसके बैंक शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खापा कैप क्रमांक 1 एवं 2 में उपस्थित सर्वेयरों के साथ विभिन्न समितियों के रिजेक्ट हुए धान की वस्तुस्थिति का जायजा लिया।

टूर्नामेंट | ऑल इण्डिया स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन खेले गये चार मैच

कोलकाता, बैंगलुरू, बिलासपुर और सैफई इटावा ने जीते मैच

नवभारत, बालाघाट। स्थानीय शहीद चन्द्रशेखर आजाद एस्टोटर्फ मैदान में नेहरू स्पोर्टिंग क्लब व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 51 वीं नारायणसिंह मेमोरियल ऑल इण्डिया स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन 12 जनवरी सोमवार को 4 मैच खेला गया। इसमें पहला मैच सुबह 11 बजे से एससीआर कोलकाता व बिलासपुर एकेडमी के बीच खेला गया। इसमें कोलकाता की टीम ने 5-3 गोल से विजयी हुई। वहीं दूसरा मैच कैनरा बैंक बैंगलुरू व सिवनी के बीच खेला गया। इसमें बैंगलुरू टीम के खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये सिवनी को 7-3 गोल से एकतरफा हराया। तीसरा मैच बिलासपुर रेल्वे बनाम आरेंज सिटी नागपुर के बीच खेला गया। ये मैच काफी रोमांचक हुआ और दोनों ही टीम निर्धारित समय तक 6-6 गोल से बराबरी पर रही। मैच में हार-जीत का फैसला पैनाल्टी शूट आउट से किया गया। इसमें बिलासपुर 11-9 गोल से विजयी हुई। सोमवार का अंतिम मैच सेफई इटावा व राजनादगांव के बीच खेला गया। इसमें इटावा की टीम ने 7-0 गोल से एकतरफा जीत प्राप्त कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

टूर्नामेंट में निर्णायक के रूप में किशोर धीवर, इन्द्रपालसिंह, राजेश निर्मलकर, राजकुमार झा, गुरप्रीतसिंह, अश्विनीकुमार, अभिनव मिश्रा शामिल है।

टूर्नामेंट के तीसरे दिन 13 जनवरी मंगलवार को 4 मैच खेला जाएंगा। इसमें पहला मैच सुबह 11 बजे से एससीआर कोलकाता व सैफई इटावा के बीच व दूसरा मैच 12.30 बजे से आरडबल्यूएफ बैंगलुरू व इटारसी के बीच एवं तीसरा मैच 2 बजे से रेड आर्मी दिल्ली व सोनभद्रा के बीच खेला जाएगा। दोपहर 3.30 बजे से चौथा मैच साउथ कमाडेंट बैंगलुरू बनाम डीएचए दुर्ग के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने खेल प्रेमी दर्शकों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

कार्यालय ग्राम पंचायत कोसमी जनपद पंचायत बालाघाट जिला बालाघाट

क्रमांक 268 दिनांक 10/01/2026

डेकोरेशन एवं अन्य संबंधी सामग्रियों की निविदा - ग्राम पंचायत स्तर पर समय-समय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, चुनावों, राष्ट्रीय पर्वो, एवं शासन द्वारा निर्देश पर आयोजित समस्त आयोजनों एवं कार्यक्रमों एवं बैठकों, एवं अन्य में लगने वाले डेकोरेशन एवं अन्य सामग्रियों हेतु निविदा प्रकाशन।

सचिव
ग्राम पंचायत कोसमी
जनपद पंचायत बालाघाट

सरपंच
ग्राम पंचायत कोसमी
जनपद पंचायत व जिला बालाघाट

कार्यालय ग्राम पंचायत कोसमी जनपद पंचायत बालाघाट जिला बालाघाट

क्रमांक 268 दिनांक 10/01/2026

निर्माण कार्य संबंधी निविदा - शासन की विभिन्न योजनांतर्गत 15 वित्त अनटाईड मद एवं टाईड मद (स्वच्छता एवं पेयजल, जल संरक्षण / संवर्धन), 5 वां वित्त योजना, 14 वां वित्त व परफॉरमेंस मद, वी. बी. जी. राम जी. (मनरेगा योजना), प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, गौण खनिज मद, विधायक निधि, सांसद निधि, जनपद व जिला स्तर योजनांतर्गत प्राप्त राशि, ब्याज की राशि, पंचायत कोष, पंचायत करों से प्राप्त राशि, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य समस्त योजनाओं एवं मदों के अंतर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु विभिन्न सामग्री रेत, गिट्टी 40 एम.एम., 20 एम.एम., मुरूम, ईंट, सेंट्रिंग, वाइब्रेटर, ट्राली, थर्माकॉल, सिमेन्ट, पॉलीथीन, खराड़ी, मिक्चर मशीन, लोहा, एवं शौचालय निर्माण संबंधी सामग्री, दरवाजा, खिड़की, वेंटिलेशन, पेंट, पुट्टी, बिरला व्हाईट एवं निर्माण कार्यों से संबंधित अन्य समस्त प्रकार की सामग्रियों हेतु निविदा प्रकाशित की जानी है।

सचिव
ग्राम पंचायत कोसमी
जनपद पंचायत बालाघाट

सरपंच
ग्राम पंचायत कोसमी
जनपद पंचायत व जिला बालाघाट

कार्यालय ग्राम पंचायत कोसमी जनपद पंचायत बालाघाट जिला बालाघाट

क्रमांक 268 दिनांक 10/01/2026

नल-जल योजना विस्तारीकरण, संधारण एंव मरम्मत व अन्य सामग्री निविदा - ग्राम पंचायत द्वारा नल-जल योजना का संचालन किया जाता है, जिसमें विस्तारीकरण एवं मरम्मतीकरण एवं नवीन स्वीकृत कार्य (पी.एच.ई. विभाग के स्पेशीफिकेशन से तैयार व स्वीकृत कार्यो) आते है, उक्त निर्माण कार्यो से संबंधित समस्त सामग्री हेतु। सामग्री में गुणवत्ता, ब्रांडनेम अनिवार्यतया अंकित होनी चाहिये एवं न्युनतम दर वालों में प्राथमिकता दी जावेगी।

अत: सादर पत्र प्रस्तुत है कि समाचार पत्रों में पृथक-पृथक 4 निविदायें प्रकाशित कर देवें। एवं उपरोक्त 4 निविदायें अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय में दिनाँक 15/01/2026 से 21/01/2026 तक अनिवार्यतया जमा कराई जावेगी, जिसके पश्चात निविदा स्वीकृति संबंधी अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होवेगा, जो कि दिनाँक 23/01/2025 को खोली जावेगी। कम दर वाली निविदा को प्राथमिकता दी जावेगी।

सचिव
ग्राम पंचायत कोसमी
जनपद पंचायत बालाघाट

सरपंच
ग्राम पंचायत कोसमी
जनपद पंचायत व जिला बालाघाट

कार्यालय ग्राम पंचायत कोसमी जनपद पंचायत बालाघाट जिला बालाघाट

क्रमांक 268 दिनांक 10/01/2026

विद्युत व्यवस्था संबंधी निविदा - ग्राम पंचायत में संचालित स्ट्रीट लाई व्यवस्था अंतर्गत सामग्रियों हेतु निविदा प्रकाशित की जानी है। विद्युत व्यवस्था सामग्री में गुणवत्ता ब्रांडनेम अनिवार्यतया अंकित होनी चाहिये एवं न्यूनतम दर वालों को प्राथमिकता दी जावेगी।

सचिव
ग्राम पंचायत कोसमी
जनपद पंचायत बालाघाट

सरपंच
ग्राम पंचायत कोसमी
जनपद पंचायत व जिला बालाघाट